Regarding irrigation issues in Bharuch, Gujarat

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) : सभापति महोदया, आपने मुझे शून्य काल के दौरान सिंचाई से संबंधित लोक महत्व के विषय को उठाने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं ।

मेरे भरूच लोक सभा क्षेत्र में सागबारा तहसील, डेढ़परा तहसील, जगड़िया और नेहतंग में भारी संख्या में किसान सिंचाई से वंचित हैं । ऐसे किसानों को आसपास के एरिया में नर्मदा बांध के माध्यम से, लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से सिंचाई की सुविधा राज्य सरकार और भारत सरकार उपलब्ध कराए, मैं इसकी मांग करता हूं । धन्यवाद ।